Regarding present status of establishment of 100-bedded ESIC Hospital in different districts of Haryana ? laid

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र): मैं माननीय श्रम एवं रोजगार मंत्री जी को धन्यवाद करना चाहता हूँ कि कारखानों और विभिन्न प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिक/कर्मचारी ESIC सदस्यों को आधुनिक चिकित्सा सेवाएं मुहैया उपलब्ध करने के लिए सौ बैड हॉस्पिटल बनाने की योजना बनाई । यह पंचकूला, सोनीपत, हिसार, रोहतक, अम्बाला, सिरसा और करनाल में ESIC की अभी तक केवल डिस्पेंसरी खुली है । कोई बड़ा अस्पताल नहीं है । जिस कारण ESIC कार्ड धारकों को उच्च स्तरीय इलाज के लिए फरीदाबाद ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के चक्कर काटने पड़ते हैं । कार्ड धारकों को उनके जिलों में बेहतर इलाज की सुविधा मिल सके, इसको लेकर यह योजना बनाई गई है । वहीं, मेडिकल कॉलेज पर मरीजों का काफी दबाव रहता है । सबसे ज्यादा दिक्कत सिटी स्कैन, एमआरआई व अन्य जांच प्रक्रिया में होती है । यही स्थिति ऑपरेशन के नरीजों को होती है । मरीजों को ऑपरेशन के लिए छह-छह माह का इंतजार करना पड़ता है । इसे देखते हुए कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने हरियाणा प्रदेश के जिलों में सौ-सौ बैड के अस्पताल बनाने की योजना तैयार की है । इनमें मरीजों को उच्च स्तरीय इलाज की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी । अतः मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन स्वरुप यह जानना चाहता हूँ इन सौ सौ बेड हॉस्पिटल की वर्तमान स्थति क्या है ।